# 19 राजस्थान में पर्यटन

1. निम्न में से असंगत है?

| उत्सव | माह |
|---|---|
| (1) ऊँट महोत्सव, बीकानेर | जनवरी |
| (2) गणगौर मेला, जयपुर | मार्च–अप्रैल |
| (3) मीरा महोत्सव, चितौड़ | मई |
| (4) ग्रीष्म महोत्सव, माउण्ट आबू | जून |

(3)

**व्याख्या–** मीरां महोत्सव का आयोजन चित्तौड़गढ़ में प्रतिवर्ष शरद पूर्णिमा को किया जाता है।

2. निम्न में से असंगत है?
(1) भरतपुर सर्किट–भरतपुर, डीग, धौलपुर
(2) मेरवाड़ा सर्किट–अजमेर, भिनाय, ब्यावर, जोधपुर
(3) अलवर सर्किट–अलवर, सिलीसेढ़, सरिस्का
(4) ढूँढाड़ सर्किट–जयपुर, आमेर, सामोद, रामगढ़ (2)

**व्याख्या–**मेरवाड़ा सर्किट में अजमेर व नागौर जिले को शामिल किया गया है।

3. हाल ही में जयपुर के परकोटे को विश्व धरोहर में शामिल किया गया है विश्व धरोहर समिति ने यह फैसला किस स्थान पर हुई बैठक में लिया था ?
(1) बाकू (2) ब्राजीलिया
(3) पेरिस (4) न्यूयार्क (1)

**व्याख्या–** यूनेस्को ने अजरबेजान की राजधानी बाकू में हुई विश्व धरोहर समिति की 43वीं बैठक में जयपुर के परकोटे को 6 जुलाई 2019 को विश्व धरोहर में शामिल किया गया। यह भारत की 38वीं विश्व धरोहर है।

4. RTDC का होटल 'पणिहारी' कहाँ स्थित है?
(1) जैसलमेर (2) बाडमेर
(3) पाली (4) जयपुर (3)

5. RTDC का होटल 'झूमरबावड़ी' किस जिले में स्थित है?
(1) भरतपुर (2) डूँगरपुर
(3) सवाईमाधोपुर (4) उदयपुर (3)

6. निम्न में से कौनसा पैनोरमा राजसमंद जिले में नहीं है?
(1) पन्नाधाय पैनोरमा
(2) बप्पा रावल पैनोरमा
(3) महाराणा राजसिंह पैनोरमा
(4) महाराणा कुम्भा पैनोरमा (2)

**व्याख्या–** बप्पा रावल पैनोरमा उदयपुर जिले में स्थित है।

7. Center of Excellence for Tourism Training (CETT) खोलने के लिए राजस्थान सरकार ने 2015 में किस देश के साथ एक एमओयू किया था?
(1) ब्रिटेन (2) जर्मनी
(3) सिंगापुर (4) फ्रांस (3)

**व्याख्या–** CETT का लोकार्पण मोहनलाल सुखाड़िया वि.वि. उदयपुर में 6 अक्टूबर 2016 को किया गया।

8. भारतीय पर्यटन दिवस मनाया जाता है?
(1) 27 सितम्बर (2) 28 सितम्बर
(3) 25 जनवरी (4) 27 नवम्बर (3)

9. यूनेस्को ने 2016 में राजस्थान के किस शहर को 'क्रिएटिव सिटी' घोषित किया है?
(1) जैसलमेर (2) उदयपुर
(3) पुष्कर (4) जयपुर (4)

10. भारत का ऐसा कौनसा राज्य है जिसने पर्यटन को सर्वप्रथम उद्योग का दर्जा दिया?
(1) मध्यप्रदेश (2) राजस्थान
(3) आन्ध्रप्रदेश (4) महाराष्ट्र (2)

**व्याख्या–** राजस्थान में पर्यटन को उद्योग को दर्जा देने की सिफारिश मोहम्मद युनूस समिति ने 1989 में की थी। इन्हीं की सिफारिश पर 4 मार्च 1989 को पर्यटन को 'निधूर्म उद्योग' का दर्जा दिया गया।

11. भारत का ऐसा राज्य जिसने सर्वप्रथम पर्यटन पुलिस तैनात की है?
(1) गुजरात (2) मध्यप्रदेश
(3) उड़ीसा (4) राजस्थान (4)

12. राजस्थान में पर्यटन को उद्योग का दर्जा कब दिया गया?
(1) 1980 (2) 1985 (3) 1989 (4) 1990 (3)

13. राजस्थान का प्रथम रोपवे कहाँ पर प्रारम्भ हुआ है?
(1) जयपुर (नाहरगढ़) (2) मण्डौर (जोधपुर)
(3) सुंधामाता (जालौर) (4) पुष्कर (अजमेर) (3)

**व्याख्या–** राजस्थान का प्रथम रोपवे– सुंधामाता मंदिर (जालौर)
राजस्थान का द्वितीय रोपवे– करणी माता मंदिर (उदयपुर)
राजस्थान का तीसरा रोपवे– सावित्री माता मंदिर (पुष्कर)
राजस्था का चौथ रोपवे– वीर हनुमान मंदिर (सामोद, जयपुर)

14. निम्न में से किस किले को विश्व धरोहर की सूची में शामिल नहीं किया गया है?
(1) आमेर दुर्ग (2) सोनारगढ़ दुर्ग
(3) गागरोन दुर्ग (4) लोहागढ़ दुर्ग (4)

15. राज्य में जंतर-मंतर वेधशाला (जयपुर) को कब विश्व धरोहर की सूची में शामिल किया गया?
(1) 2008 (2) 2009
(3) 2010 (4) 2012 (3)

16. राजस्थान में सर्वाधिक विदेशी पर्यटक किस स्थान पर आते हैं?
(1) अजमेर (2) जयपुर
(3) सिरोही (4) पुष्कर (2)

17. राज्य की किन 5 झीलों को रमणीक झील योजना में शामिल किया गया है?
(1) पुष्कर, नक्की, आनासागर, फतेहसागर व पिछोला
(2) राजसमंद, जयसमन्द, नक्की, पिछोला, फॉयसागर
(3) आनासागर, फॉयसागर, पीथमपुरी, फतेहसागर, नक्की
(4) सांभर, जयसमन्द, राजसमंद, नक्की, पिछोला (1)

18. वर्तमान में पेइंग गेस्ट योजना राजस्थान के कितने जिलों में चलाई जा रही है?
(1) 15　(2) 16　(3) 8　(4) 33　(4)

**व्याख्या–** पेइंग गेस्ट योजना 27 सितम्बर 1991 को 3 शहरों में प्रारंभ की गई। 2013-14 से यह योजना सम्पूर्ण राज्य में संचालित है।

19. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म (आरटीडीसी के होटल का नाम–स्थान) सही सुमेलित नहीं है?
(1) कजरी – उदयपुर　(2) मूमल – जैसलमेर
(3) खादिम – अजमेर　(4) ढोला मारू – जोधपुर　(4)

**व्याख्या–** आरटीडीसी होटल 'ढोला मारू' बीकानेर में स्थित है।

20. कालबेलिया स्कूल ऑफ डांस की स्थापना कहाँ पर की गई?
(1) कुण्डा (आमेर)　(2) माचेड़ी (जयपुर)
(3) साँभर (जयपुर)　(4) हवाला (उदयपुर)　(1)

**व्याख्या–** कालबेलिया स्कूल ऑफ डांस की स्थापना कुण्डा गाँव (आमेर, जयपुर) में गुलाबो देवी द्वारा की गई।

21. विभूति पार्क उदयपुर में किस झील के किनारे स्थित है?
(1) जयसमंद झील　(2) पिछोला झील
(3) फतेहसागर झील　(4) उदयसागर झील　(3)

22. राज्य का दूसरा रोप–वे कहाँ स्थापित किया गया?
(1) जयपुर　(2) उदयपुर
(3) जालौर　(4) अजमेर　(2)

**व्याख्या–** राजस्थान का दुसरा रोप–वे 8 जून, 2008 को पंडित दिनदयाल पार्क (दूधतलाई) से माछला मगरा स्थित करणी माता मंदिर तक (उदयपुर) स्थापित किया गया।

23. राजस्थान में ब्रज होली महोत्सव कहाँ आयोजित किया जाता है?
(1) धौलपुर　(2) करौली
(3) अलवर　(4) भरतपुर　(4)

24. राज्य का पहला राजीव गाँधी ट्यूरिज्म कन्वेंशन सेंटर कहाँ स्थापित किया गया है ?
(1) अलवर　(2) भरतपुर
(3) जोधपुर　(4) जयपुर　(3)

**व्याख्या–** राजीव गाँधी ट्यूरिज्म कन्वेंशन सेंटर (जोधपुर)– यह राजस्थान का पहला व देश का तीसरा सेंटर है।

25. राजस्थान में राज्य स्तरीय मेला प्राधिकरण का मुख्यालय स्थापित किया गया है?
(1) जयपुर　(2) जोधपुर
(3) कोटा　(4) अजमेर　(1)

26. राज्य के किस स्थान पर मरू महोत्सव का आयोजन होता है?
(1) जैसलमेर　(2) बाड़मेर
(3) बीकानेर　(4) जयपुर　(1)

27. निम्न को सुमेलित करो?

| | |
|---|---|
| 1. प्रथम रोपवे | I. जोधपुर |
| 2. प्रथम हेरिटेज होटल | II. जालौर |
| 3. प्रथम वैक्स म्यूजियम | III. आमेर |
| 4. प्रथम हाथी गाँव | IV. उदयपुर |

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (1) | I | II | III | IV |
| (2) | IV | III | II | I |
| (3) | II | I | IV | III |
| (4) | III | IV | I | II |

(3)

28. राज्य में ग्रामीण पर्यटन विकास योजना लागू कब किया गया?
(1) 2007-08　(2) 2008-09
(3) 2009-10　(4) 2010-11　(2)

**व्याख्या–** ग्रामीण पर्यटन विकास योजना के अंतर्गत टोडारायसिह (टोंक), कुलधरा(जैसलमेर) को पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में चुना गया। इसके बाद मोलेला(राजसमंद), सामोद(जयपुर), नीमराणा(अलवर) के लिए केन्द्र सरकार से आर्थिक सहायता मिली।

29. राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा 5 सितम्बर, 2019 को किन जिलों में अमूर्त सांस्कृतिक विरासत एवं सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यूनेस्को से समझौता किया है।
(1) अजमेर, नागौर, बीकानेर
(2) जैसलमेर, जोधपुर, पाली, सिरोही
(3) जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, बीकानेर
(4) जयपुर, अलवर, भरतपुर　(3)

30. भारत पाक सीमा पर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बॉर्डर ट्यूरिज्म के तहत सीमा पर पर्यटकों के लिए खोली गई चौकियों में कौनसी शामिल नहीं है?
(1) हिन्दूमलकोट　(2) मारूति
(3) खरूला　(4) लोंगेवाला　(4)

31. वर्ष 2021 में राजस्थान में आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या थी ?
(1) 0.30 लाख　(2) 1.05 लाख
(3) 7.07 लाख　(4) 4.04 लाख　(1)

32. राणा पूंजा की कर्मस्थली मर्चीद गाँव को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है मर्चीद गाँव किस जिले में है?
(1) सिरोही　(2) चितौड़गढ़
(3) राजसमंद　(4) उदयपुर　(3)

33. नवीनतम राजस्थान पर्यटन नीति 2020 कब से लागू की गई है–
(1) 25 जनवरी 2020　(2) 27 सितम्बर 2020
(3) 15 अप्रैल 2020　(4) 9 सितम्बर 2020　(4)

34. कोरोना काल में 2020 में प्रवासियों को राजस्थान लाने के लिए चलाए गये अभियान का नाम था–
(1) पधारो म्हारे देश　(2) वंदे भारत मिशन
(3) आ अब लौट चलें　(4) प्रवासी राजस्थान मिशन (2)

**व्याख्या–** इस मिशन के तहत कोरोना काल में 22 मई, 2020 से 31 दिसम्बर, 2020 तक 56,348 प्रवासी राजस्थान लाए गए थे।

35. रेगिस्तानी थीम पर आधारित 'किशनबाग डेजर्ट पार्क' कहाँ पर स्थित है–
(1) बीकानेर　(2) जोधपुर
(3) जैसलमेर　(4) जयपुर　(4)

36. प्रसिद्ध शाही रेलगाड़ी 'पैलेस ऑन व्हील्स' का स्लोगन है–
(1) वन वीक इन डेजर्टलैन्ड
(2) वन वीक इन इनक्रेडिबल राजस्थान
(3) वन वीक इन वंडरलैन्ड
(4) वन वीक इन ग्लोरी ऑफ इंडिया　(3)

37. निम्न में से कौनसा जिला शेखावाटी परिपथ में शामिल नहीं है–
(1) झुंझुनूं (2) चुरू
(3) नागौर (4) सीकर (3)

**व्याख्या–** नागौर मेरवाड़ा परिपथ में शामिल है।

38. राजस्थान में सबसे कम स्वदेशी पर्यटक किस महीने में आते हैं?
(1) नवम्बर (2) जून
(3) जनवरी (4) मई (4)

39. भक्त शिरोमणि करमेती बाई पैनोरमा कहाँ पर स्थित है–
(1) खण्डेला (सीकर) (2) मण्डावा (झुंझुनूं)
(3) रतनगढ़ (चुरू) (4) अमरसर (जयपुर) (1)

40. RTDC का होटल 'हवेली' कहाँ पर स्थित है–
(1) फतेहपुर (सीकर) (2) मण्डावा (झुंझुनूं)
(3) नवलगढ़ (झुंझुनूं) (4) सुजानगढ़ (चुरू) (1)

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication